Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

**अल्लाह तआला का आदेश**

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

**अनुवाद:** और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 23

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

11 शव्वाल 1441 हिजरी कमरी 4 इहसान 1399 हिजरी इहसान 4 जून 2020 ई.

**अख़बार-ए-अहमदिया**

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

**मैं देखता हूँ कि लोग नमाज़ों में ग़ाफ़िल और सुस्ती लिए होते हैं कि उनको इस आन्नद और मज़ा से सूचना नहीं जो अल्लाह तआला ने नमाज़ के अन्दर रखी है**

**ख़ुदा तआला से निहायत दर्द और एक जोश के साथ यह दुआ मांगनी चाहिए कि जिस तरह फलों और चीज़ों की तरह-तरह की लज़्ज़तें दी गई हैं। नमाज़ और इबादत का भी एक-बार मज़ा चखा दे।**

## *उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम*

**अबोदियत और रबोबियत के रिश्ता की वास्तविकता**

औरत और मर्द का जोड़ा तो झूठा और अस्थायी जोड़ा है। मैं कहता हूँ हक़ीक़ी चिरस्थायी और साक्षात आन्नद जो जोड़ा है वह इन्सान और ख़ुदा तआला का है। मुझे बहुत व्याकुलता होती और कभी कभी यह दुख मेरी जान को खाने लगता है कि एक दिन अगर किसी को रोटी खाने का मज़ा न आए तो डाक्टर के पास जाता और कैसी कैसी मिन्नतें और ख़ुशामदें करता, रुपया ख़र्च करता, दुख उठाता है कि वह मज़ा प्राप्त हो। वह ना-मुराद जो अपनी बीवी से लज़्ज़त प्राप्त नहीं कर सकता। कई बार घबरा घबरा कर ख़ुदकुशी के इरादे तक पहुंच जाता और अक्सर मौतें इस किस्म की हो जाती हैं। मगर आह! वह मरीज़े दिल, वह ना-मुराद क्यों कोशिश नहीं करता जिसको इबादत में आन्नद नहीं आता? इस की जान क्यों ग़म से निढाल नहीं हो जाती?दुनिया और इस की ख़ुशियों के लिए क्या कुछ करता है मगर चिरस्थायी और हक़ीक़ी राहतों की वह प्यास और तड़प नहीं पाता। किस क़दर बेनसीब है ! कैसा ही वंचित है! अस्थायी और नश्वर लज़्ज़तों के ईलाज तलाश करता है और पा लेता है। क्या हो सकता है कि स्थायी और सदैव की लज़्ज़त के ईलाज न हों? हैं और ज़रूर हैं मगर तलाश हक़ में दृढज और मज़बूत क़दमों की ज़रूरत है। क़ुरआन करीम में एक अवसर पर अल्लाह तआला ने सालेहीन की उदाहरण औरतों से दी है। इस में भी भेद है। ईमान लाने वालों को मर्यम और आसिया से उदाहरण दिया है अर्थात ख़ुदा तआला मुशरिकीन में से मोमिनों को पैदा करता है। बहरहाल औरतों से उदाहरण देने में वास्तव में एक सूक्ष्म भेद को प्रकट करना है अर्थात जिस तरह औरत और मर्द का आपसी सम्बन्ध होता है इसी तरह पर उबूदीयत और रबूबियत का रिश्ता है। अगर औरत और मर्द की आपसी रज़ामन्दी हो और एक दूसरे पर आशिक हो तो वह जोड़ा एक मुबारक और मुफ़ीद जोड़ा होता है वर्ना घरेलू निज़ाम बिगड़ जाता है और आन्नद का मूल लक्ष्य प्राप्त नहीं होता है। मर्द अन्य स्थानों पर ख़राब हो कर सैंकड़ों किस्म की बीमारियां ले आते हैं। आतिशक से मजज़ूम हो कर दुनिया में ही वंचित हो जाते हैं। और अगर औलाद हो भी जाए तो कई नस्ल तक यह सिलसिला बराबर चला जाता है और इधर औरत निर्लज्जता करती फिरती है और इज़्ज़त तथा सम्मान को डुबा कर भी सच्चा आन्नद प्राप्त नहीं कर सकते। अतः इस जोड़े से अलग हो कर किस क़दर बुरे नतीजे और फ़ित्ने पैदा होते हैं। इसी तरह पर इन्सान रुहानी जोड़े से अलग हो कर बुरा और मख़ज़ूल हो जाता है। दुनियावी जोड़े से ज़्यादा दुख तथा मुसीबत का निशाना बनता है। जैसा कि औरत और मर्द के जोड़े से एक किस्म की बक़ा के लिए आन्नद है। इसी तरह पर उबूदीयत और रबूबियत के जोड़े में एक स्थायी बक़ा के लिए आन्नद मौजूद है। सूफ़ी कहते हैं जिस को यह आन्नद नसीब हो जाए वह दुनिया और इस के समस्त आन्नदों से बढ़कर प्राथमिकता रखता है। अगर सारी उम्र में एक बार भी इस को मालूम हो जाए तो इस में ही फ़ना हो जाए लेकिन मुश्किल तो यह है कि दुनिया में एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्हों ने इस भेद को नहीं समझा और उन की नमाज़ें सिर्फ़ टक्करें हैं और ऊपरे दिल के साथ एक किस्म की कठोरता और तंगी से सिर्फ उछने बैठने के तौर पर होती हैं। मुझे और भी अफ़सोस होता है जब मैं यह देखता हूँ कि कुछ लोग सिर्फ इस लिए नमाज़ें पढ़ते हैं कि वे दुनिया में भरोसा योग्य और सम्मान योग्य समझे जाएं और फिर उस नमाज़ से यह बात उनको प्राप्त हो जाती है अर्थात वे नमाज़ी और परहेज़गार कहलाते हैं। फिर उन को क्यों यह खा जाने वाला ग़म नहीं लगता कि जब झूट-मूट और बे-दिली की नमाज़ से उन को यह स्तर प्राप्त हा हो सकता है तो क्यों एक सच्चे आबिद बनने से उनको सम्मान न मिलेगा और कैसी इज़्ज़त मिलेगी।

**नमाज़ में लज़्ज़त न आने का कारण और इस का ईलाज**

अत: मैं देखता हूँ कि लोग नमाज़ों में ग़ाफ़िल और सुस्ती लिए होते हैं कि उनको इस आन्नद और मज़ा से सूचना नहीं जो अल्लाह तआला ने नमाज़ के अन्दर रखी है और बड़ी भारी कारण उस की यही है। फिर शहरों और गांव में तो और भी सुस्ती और ग़फ़लत होती है। सौ पचासवां हिस्सा भी तो पूरी चुस्ती और सच्ची मुहब्बत से अपने वास्तविक मौला के हुज़ूर सिर नहीं झुकाता। फिर सवाल यही पैदा होता है कि क्यों उन को इस आन्नद की सूचना नहीं और न कभी उन्होंने इस मज़ा को चखा। अन्य धर्मों में ऐसे आदेश नहीं हैं। कभी ऐसा होता है कि हम अपने कामों में मस्त होते हैं और मुअज़्ज़िन अज़ान दे देता है। फिर वह सुनना भी नहीं चाहते मानो उन के दिल दुखते हैं। ये लोग बहुत ही रहम के योग्य हैं। कुछ लोग यहां भी ऐसे हैं कि उनकी दुकानें देखो तो मस्जिदों के नीचे हैं मगर कभी जाकर खड़े भी तो नहीं होते। अत: मैं यह कहना चाहता हूँ कि ख़ुदा तआला से निहायत दर्द और एक जोश के साथ यह दुआ मांगनी चाहिए कि जिस तरह फलों और चीज़ों की तरह-तरह की लज़्ज़तें दी गई हैं। नमाज़ और इबादत का भी एक-बार मज़ा चखा दे। खाया हुआ याद रहता है। देखो अगर कोई व्यक्ति किसी ख़ूबसूरत को एक आन्नद के साथ देखता है, तो वह उसे ख़ूब याद रहता है और फिर अगर किसी बुरी शक्ल और घृणित चेहरा को देखता है तो इस की सारी हालत साक्षात उस के मूर्तिमान हो कर सामने आ जाती है। हाँ अगर कोई सम्बन्ध ना हो तो कुछ याद नहीं रहता। इसी तरह बे नमाज़ों के निकट नमाज़ एक सज़ा है कि अकारण सुबह उठ कर सर्दी में वुज़ू करके आराम की नींद छोड़कर और कई किस्म की सुविधाओं को खोकर पढ़नी पड़ती है। असल बात यह है कि उसे बेज़ारी है, वह इस को समझ नहीं सकता। इस लज़्ज़त और राहत से जो नमाज़ में है इस को सूचना नहीं है फिर नमाज़ में लज़्ज़त क्योंकर प्राप्त हो। मैं देखता हूँ कि एक शराबी और नशा करने वाला इन्सान को जब आन्नद नहीं आता तो वह एक के बाद दूसरा प्याला पीता जाता है यहां तक कि इस को एक किस्म का नशा

**शेष पृष्ठ 12 पर**

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

# सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-6)

**मस्जिद वह स्थान है जहां मुसलमान ख़ुदा तआला के सामने सिज्दा करने के लिए जमा होते हैं**

**मस्जिद की बनाने का दूसरा अहम उद्देश्य यह है कि मुसलमान इकट्ठे हो कर अपने आपसी सम्बन्धों को बेहतर करें और जमाअत के इत्तिहाद को बढ़ावा दें।**

**मस्जिदों की बनाने का तीसरा अहम उद्देश्य है कि मस्जिद ग़ैर मुस्लिम लोगों को इस्लामी शिक्षाओं से आगाही का माध्यम हो और यह कि समाज के अधिकार दिए जाएं**

**अतः मस्जिद एक ऐसा स्थान है कि जहां मुसलमान जमा हो कर बिना किसी रंग तथा नस्ल के भेद के अपने पड़ोसियों और समाज के अधिकार पूरे करें। हमारा ईमान है कि अगर एक मुसलमान अल्लाह तआला की इबादत और मस्जिद के अधिकार अदा करने की इच्छा रखता है तो उस के लिए अनिवार्य है कि वह मानव जाति के भी अधिकार अदा करे,मुसलमान की नज़र में अल्लाह तआला की सेवा और इन्सानियत की सेवा आपस में अनिवार्य तौर पर जुड़ी हुई है**

**अगर एक मुसलमान ख़ुदा न चाहे दूसरों को तकलीफ़ और परेशानी देता है और सहानुभूति नहीं दिखा सकता तो इस की समस्त इबादतें बेमानी और फ़ुज़ूल होंगी**

## मस्जिद बैयतुल आफियत हॉलैंड के उद्घाटन के अवसर पर सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का ख़िताब

**(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)**

**(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)**

**1 अक्तूबर 2019 ई (दिनांक मंगल) (शेष रिपोर्ट)**

इसके बाद मुहम्मद ज़ीशान साहिब जो कि यूरो टाईम्स बेल्जियम के प्रतिनिधि थे उन्होंने सवाल किया आजकल सियास्तदान और साईंसदान climate change के हवाला से आगाही देने की कोशिश कर रहे हैं। इस हवाला से हुज़ूर अनवर का क्या विचार है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः यह तो प्रकट है कि दुनिया में प्रत्येक स्थान पर बढ़ती हुई आबादी के सम्मुख तामीर वाले क्षेत्र में भी वृद्धि हो रहा है। लोगों ने तो रहना है, इस वजह से दरख़्तों को काटा जा रहा और deforestation की जा रही है और नए दरख़्त नहीं लगाए जा रहे विशेष रूप से तरक़्क़ी करने वाले देशों में। इस के साथ साथ कार्बन emission का कारण इंडस्ट्री भी एक वजह है जो कि माहौल को प्रभावित कर रही है। फिर इसके अतिरिक्त मैंने कहा था कि जंगों से भी माहौल प्रभावित होता है और अब तो काफ़ी समीक्षकों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि मिडल ईस्ट देशों में जारी जंग की वजह से emission भी गर्मी में वृद्धि का कारण बन रही है। इसलिए यह भी climate change की एक वजह बन सकती है बल्कि मेरा विचार है एक वजह यह भी है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया अतः हमें वृक्षारोपण की तरफ़ विशेष ध्यान देना चाहिए और फिर कार्बन emission को कम करने की तरफ़ ध्यान देनी चाहिए। फिर आजकल प्रयोग होने वाले हथियार भी emission पैदा कर रहे हैं, इंडस्ट्री भी एक वजह बन रही है।

इसी पत्रकार ने पूछा कि डच गर्वनमैंट ने समस्त गर्वनमैंट के संस्थाओं की इमारतों में हिजाब और बुर्क़ा पर पाबंदी लगा दी है। इस हवाला से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की क्या राय है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः मेरे निकट अगर कोई कहता है कि यह मेरा धार्मिक कर्तव्य है कि मैं अमुक किस्म का लिबास पहनना चाहता हूं तो हुकूमतों को उनके मामलों में दख़ल अंदाज़ी नहीं करनी चाहिए। यह दूसरों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली बात बन जाती है। कैनेडा की पार्लीमैंट में एक सिख ने तक़रीर की जिसमें उसने कहा कि मुझे पगड़ी पहनने का हक़ प्राप्त है और एक यहूदी को अपनी छोटी टोपी पहनने का हक़ है, ईसाईयों के भी अधिकार हैं, इसी तरह अगर मुसलमान औरतें बिना किसी ज़बरदस्ती के , अपनी इच्छा के साथ बुर्क़ा या हिजाब पहनना चाहती हैं तो उन्हें उनके इस हक़ से वंचित नहीं करना चाहिए

इस के बाद एक पत्रकार ने पूछा कि यहां प्रैस कान्फ्रैंस में कोई भी औरत नहीं है। इस की क्या वजह है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः मुझे नहीं पता कि कोई औरत क्यों नहीं है? वर्ना में जब जर्मनी, अमरीका या कैनेडा इत्यादि जाता हूँ तो वहां पर तो प्रैस कान्फ्रैंसों में काफ़ी औरतें भी मौजूद होती हैं।

फिर पत्रकार ने पूछा कि क्या औरतें इस मस्जिद में आ सकती हैं और क्या वे मर्दों के साथ नमाज़ पढ़ सकती हैं? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः पहली बात तो यह कि औरतों को मस्जिद में आने की आज्ञा है। दूसरा यह कि इस मस्जिद में नमाज़ पढ़ने की भी आज्ञा है लेकिन हमारी धार्मिक शिक्षाओं की दृष्टि से औरतों को नमाज़ पढ़ने के लिए लगभग मर्दों के हाल की तरह एक अलग हाल उपलब्ध किया गया है। कई बार यह हाल साथ साथ स्थित होते हैं, कई बार मर्द ऊपर और औरतें नीचे और कई बार मर्द नीचे और औरतें ऊपर होती हैं। हमारे अक़ीदा के अनुसार अगर मर्द और औरत अलग अलग हों तो अधिक बेहतर रंग में नमाज़ की तरफ़ ध्यान कर सकते हैं।

इसी पत्रकार ने सवाल किया कि क्या ग़ैर मुस्लिमों को भी इस मस्जिद में आकर इबादत करने की आज्ञा है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः इस्लाम धर्म के संस्थापक रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माना में आप के पास नजरान से एक ईसाई वफ़द आया और जब वह इस्लाम के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ गुफ़्तगु कर रहे थे तो आप ने महसूस किया कि ये लोग कुछ परेशान हैं और आराम महसूस नहीं कर रहे। इस पर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा कि क्या मामला है? वफ़द के मेम्बरों ने जवाब दिया कि हमारी इबादत का समय हो गया है। शायद उस दिन इतवार हो। तो हमारे पास कोई स्थान नहीं है जहां पर हम अपने धर्म और रिवायतों के अनुसार इबादत कर सकें। इस पर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि आप हमारी मस्जिद में बैठे हुए हैं, आप यहां अपनी शिक्षाओं के अनुसार इबादत कर सकते हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया मस्जिदें तो इबादत के लिए बनाई जाती हैं। जो भी एक सामर्थ वाले ख़ुदा की इबादत करना चाहता है उसे यहां आकर इबादत करने की आज्ञा होगी। यहां बुत तो नहीं रखे जाते इसलिए अगर आप एक ख़ुदा की इबादत करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। इसी लिए रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी ईसाईयों को अपने तरीक़ा के अनुसार इबादत करने की आज्ञा प्रदान फ़रमाई थी।

**1 अक्तूबर 2019 ई दिनांक मंगल**

प्रैस कान्फ्रैंस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद से जुड़े हुए दफ़्तर, मिशन हाऊस और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण फ़रमाया।

मस्जिद की ज़मीन का कल क्षेत्रफल 1683 वर्ग मीटर है। यह ज़मीन दिसम्बर 2012 ई में दो लाख 76 हज़ार यूरो में ख़रीदी गई और दिसम्बर 2014 ई में यह ज़मीन जमाअत के नाम रजिस्टर्ड हुई।

**शेष पृष्ठ 9 पर**

# ख़ुत्बः जुमअः

**हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ही हैं जिनके साथ जुड़ कर बंदे और ख़ुदा के बीच हक़ीक़ी सम्बन्ध पैदा करने का तरीक़ा हमें आ सकता है और आता है और ख़ुदा तआला के ज़िन्दा होने पर कामिल यक़ीन और इस की रज़ा पर राज़ी रहने के उच्च स्तर होते हैं।**

**हमेशा अगर कुछ माँगना है तो ख़ुदा तआला से मांगे और कभी मुतालिबा ना करे, यह इंतिहाई ज़रूरी विशेषता है जो हर वाक़िफ़ ज़िन्दगी को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।**

**हमारे हर डाक्टर को हर तबीब को सिर्फ अपने पेशे की महारत पर ही भरोसा न हो, सिर्फ़ दवाईयों पर यक़ीन न हो बल्कि जहां ईलाज के दौरान मरीज़ के साथ अच्छे आचरण से पेश आएं वहां उनके लिए दुआ भी ज़रूर किया करें और अगर नफ़ल पढ़ें तो यह तो बहुत ही अच्छी बात है।**

## धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम करने के अह्द बैअत को अपनी ताक़तों के अनुसार निभाने वाले, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करने वाले, ख़िलाफ़त अहमदिया से कामिल वफ़ा और इख़लास का सम्बन्ध रखने वाले, हुक़ूक़ुल ईबाद का हक़ अदा करने वाले और इस्लाम की जिस ख़ूबसूरत शिक्षा पर अनुकरण करवाने के लिए अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को भेजा है इस की अमली अवस्था को अपनी ज़ात से साबित करने वाले तीन मरहूमीन मिसाली वाकिफ ज़िन्दगी आदरणीय ज़ुल्फ़िक़ार अहमद डॉमानक (Damanik) साहिब क्षेत्रीय मुबल्लिग़ सिलसिला इंडोनेशिया, दुआ करने वाले, हमदर्द और बेनफ़्स डाक्टर पीर मुहम्मद नक़ीउद्दीन साहिब इस्लामाबाद पाकिस्तान और वक़्फ़ ज़िन्दगी की भावना के साथ ख़िदमत करने वाले आदरणीय ग़ुलाम मुस्तफ़ा साहिब रज़ाकार कारकुन दफ़्तर प्राईवेट सैक्रेटरी (यूके) की वफ़ात पर मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर

**"हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ...फ़रमाया था ये लोग शुहदा में शामिल हैं।"**

---

**ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 1 मई 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू. के)**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

इस वक़्त में चंद मरहूमीन का वर्णन करना चाहता हूँ जिनकी पिछले दिनों वफ़ात हुई। उनमें से हर एक विभिन्न पेशे से सम्बन्धित था, विभिन्न व्यस्तताएं थीं, शैक्षिक स्तर विभिन्न थे लेकिन एक चीज़ साझी थी कि धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम करने के अह्द बैअत को अपनी ताक़तों के अनुसार निभाने वाले, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करने वाले, ख़िलाफ़त अहमदिया से कामिल वफ़ा और इख़लास का सम्बन्ध रखने वाले, हुक़ूक़ुल ईबाद का हक़ अदा करने वाले थे। और यह बात साबित करने वाले थे कि इस्लाम की जिस ख़ूबसूरत शिक्षा पर अमल करवाने के लिए अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को भेजा है इस की व्यावहारिक सूरत हक़ीक़त में उनमें पाई जाती थी

मैंने कहा कि यह एक चीज़ साझी थी। यह एक नहीं बल्कि यह बहुत सारी विशेषताएं उनमें साझी थीं। उनकी घटनाऐं , ये बातें, ये चीज़ें सुनकर यह यक़ीन पैदा होता है कि इस ज़माना में, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ही हैं जिनके साथ जुड़ कर बंदे और ख़ुदा के बीच हक़ीक़ी सम्बन्ध पैदा करने का तरीक़ा हमें आ सकता है और आता है और ख़ुदा तआला के ज़िन्दा होने पर कामिल यक़ीन और इस की रज़ा पर राज़ी रहने के उच्च स्तर हासिल होते हैं।

जिन मरहूमीन का ज़िक्र मैं ने करना है उनमें से एक हमारे मुबल्लिग़ सिलसिला ज़ुल्फ़िक़ार अहमद डॉमानक साहिब, क्षेत्रीय मुबल्लिग़ इंडोनेशिया के थे जो 21 अप्रैल को 42 साल की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि रजिऊन। मरहूम का जन्म 24 मई1978 ई की है। नॉर्थ सुमात्रा में पैदा हुए। उनके पिता का नाम शहरोल डॉमानक है। उनके दादा का नाम शहनोर डॉमानक था। मरहूम के ख़ानदान में अहमदियत का आरम्भ उनके दादा के माध्यम से हुआ था जिन्होंने 1944 ई में मौलाना ज़ैनी दहलान साहिब के माध्यम से बैअत की थी। मरहूम मुबल्लिग़ सिलसिला ज़ुल्फ़िक़ार साहिब ने 1997 ई से 2002 ई तक जामिआ अहमदिया इंडोनेशिया में शिक्षा हासिल की। वहां उस ज़माना में कोर्स चंद सालों का , थोड़ा होता था। फिर उस के बाद उनको अठारह साल विभिन्न जगहों पर बतौर मुबल्लिग़ सिलसिला ख़िदमत सरअंजाम देने की तौफ़ीक़ प्राप्त हुई और फिर यह विभिन्न इलाक़ों में बतौर मुबल्लिग़ ख़िदमात सरअंजाम देते रहे। पीछे रहने वालों में उनकी एक पत्नी आदरणीया मरयम सिद्दीक़ा साहिबा हैं और इस के अलावा चार बच्चे हैं जाज़िब और आईशा ख़ोला और ख़ीरा फ़ातिमा और ख़ैसरा नसीरा। बच्चा जो है पंद्रह साल का है और छोटी बच्ची आठ माह की है और ये समस्त वक़्फ़ नौ की स्कीम में शामिल हैं।

वहां के हमारे मुबल्लिग़ मेराज दीन साहिब वर्णन करते हैं कि ज़ुल्फ़िक़ार साहिब बहुत ही कामयाब और मेहनती मुबल्लिग़ थे। जहां भी उनकी पोस्टिंग होती वहां तर्बीयत, सम्पर्क क़ायम करने और तब्लीग़ के कामों को निहायत उम्दगी से सरअंजाम देते थे। महोदय हर एक के साथ नरमी से बात करते थे और सब के साथ दोस्ताना सम्बन्धा रखते। जब मिलते हमेशा मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ मिलते थे। कभी किसी चीज़ का मुतालिबा नहीं करते थे बल्कि हमेशा दुआ करने की नसीहत किया करते थे और यही वह विशेषता है जो एक वाकिफ ज़िन्दगी की रूह है और इस में होनी चाहिए कि अगर कुछ माँगना है तो हमेशा ख़ुदा तआला से मांगे और कभी मांग न करे और यह इंतिहाई ज़रूरी विशेषता है जो हर वाक़िफ़ ज़िन्दगी को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए

महोदय अल्लाह तआला के फ़ज़ल से उन मुबल्लग़ीन में शामिल थे जिन्हें बहुत अधिक संख्या में बैअतें करवाने की सआदत मिली और इस वजह से आपको जमाअत के इंतिज़ाम के अधीन 2018 ई में यहां जलसे पर आने का भी मौक़ा मिला। व्यावहारिक मैदान में महोदय हमेशा अच्छी प्लैनिंग के साथ काम सरअंजाम देते थे जिसकी वजह से आपको हर जगह कामयाबी नसीब होती थी।

इसी तरह आसिफ़ मुईन साहिब मुरब्बी सिलसिला उनकी ख़ूबियों का ज़िक्र करते हुए लिखते हैं कि बहुत सी ख़ूबियों के मालिक थे। निहायत सालिह इन्सान थे। मुख़लिस और फ़रमांबर्दार थे। कुछ समय से यह बीमार थे, बीमारी के इन दिनों में भी मरहूम जमाअत की ख़िदमतों को प्राथमिकता देते थे। आसिफ़ साहिब कहते हैं कि

जब सूबा रियाओ (Riao) के रीजन में बतौर क्षेत्रीय मुबल्लिग़ काम कर रहे थे तो मुझे (आसिफ़ साहिब को) उनके साथ काम करने की, उनके अधीन काम करने की तौफ़ीक़ मिली। और बड़ी आला क़ियादत के साथ यह काम करवाते थे। गर्वनमेन्ट और सूबे की विभिन्न तन्ज़ीमों के साथ मज़बूत सम्पर्क क़ायम किए हुए थे जिसके कारण से आपको कई बार विभिन्न यूनीवर्सिटीयों में लैक्चर देने का भी मौक़ा मिला। इस के इलावा आपने सूबे में सारी lost generation के साथ सम्पर्क कर के उन्हें जमाअत के बारे में परिचित करवाया और पूरे सूबे में इस तरह की मुहिम जारी रखी और एक लोकल जमाअत संगीगी (Senggigi) को लगभग बीस साल के बाद दोबारा क़ायम करने की उनको तौफ़ीक़ मिली। यह lost generation जिसको वहां यह लोग कहते हैं उनसे सम्पर्क क़ायम करने के लिए उनको किश्ती के माध्यम से छोटे छोटे द्वीपों में जाना पड़ता था और एक द्वीप से दूसरे जज़ीरे तक डेढ़ दो घंटे का सफ़र था और मरीज़ होने के बावजूद हिम्मत करते और कहते कि मेरे अंदर जब तक ख़िदमत की ताक़त है मैं आख़िरी दम तक ख़िदमत करता रहूँगा और उन सफ़रों के नतीजे में चार ख़ानदान अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत की आग़ोश में आए।

महोदय डायलेसज़ (dialysis) की वजह से हस्पताल में इलाज करवा रहे थे तो इस हालत में भी एक लोकल इजलास में शामिल हुए। वहां के एक ख़ादिम ने जब आपसे पूछा कि आपने इतनी तकलीफ़ क्यों उठाई तो इस पर आप ने उसे जवाब दिया कि जब तक मुझ में जान है मैं जमाअत के समस्त प्रोग्रामों में शामिल होने की कोशिश करता रहूँगा। यद्यपि मैं बीमार भी हूँ लेकिन मेरी इच्छा है कि मैं हमेशा ख़िदमते दीन के कामों में व्यस्त रहूं। यह है वाकिफ ज़िन्दगी की वह भावना जो हर एक वाकिफ ज़िन्दगी में होनी चाहिए न यह कि ज़रा ज़रा सी बात पर कई लोग जो परेशानियों का इज़हार शुरू कर देते हैं वह इज़हार शुरू हो जाए।

इसी तरह मुज़फ़्फ़र अहमद साहिब वहां के मुरब्बी हैं। वह लिखते हैं कि मुझे उनके साथ जामिया में पढ़ने का मौक़ा मिला और आख़िरी बार कादियान मैं उनसे मुलाक़ात हुई थी अर्थात कि कादियान उनके साथ गए थे। शायद इस साल गए थे। कादियान जाने से पहले जब मरहूम बहुत ज़्यादा बीमार थे तो यह दुआ किया करते थे कि अल्लाह तआला इतनी उम्र दे कि मैं कादियान जा सकूं। आप कहते थे कि बैतुल्लाह में उमरा भी करने की तौफ़ीक़ अल्लाह तआला ने दी और ख़लीफ़ा वक़्त से मुलाक़ात का भी मौक़ा मिल गया। अब कादियान की ज़यारत की हसरत बाक़ी है। अत: अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अल्लाह तआला ने उनकी यह इच्छा भी पूरी फ़रमाई और कादियान की ज़यारत उन्हें नसीब हुई। इस साल जलसा तो नहीं हुआ लेकिन इस से रोकने से पहले ये लोग वहां पहुंच चुके थे। इस तरह उनको वहां आज़ादी से इबादत का भी मौक़ा मिला। यह मुरब्बी साहिब लिखते हैं कादियान में सख़्त मौसम और बहुत सर्दी की वजह से महोदय की तबीयत बहुत ज़्यादा ख़राब भी हुई जिसकी वजह से उन्हें जल्द इंडोनेशिया वापस जाना पड़ा लेकिन इस नाज़ुक अवस्था में भी आपका नेक इरादा पूरा हो गया। अत: महोदय को बैतुद्दुआ और मस्जिद मुबारक में नमाज़ पढ़ने और दुआ करने की सआदत हासिल हुई। फिर कहते हैं कि मैं उनको व्हेल चेयर पर बिठा कर बहश्ती मक़बरे की ज़यारत के लिए भी ले गया। वहां उन्होंने दुआ भी की। महोदय बहुत ही मेहनती मुबल्लिग़ थे। शिद्दत बीमारी के बावजूद आपने कभी हिम्मत नहीं हारी और जो भी जमाअत की काम आपके सपुर्द होता बख़ूबी उसे सरअंजाम देते। इसी तरह साजिद साहिब एक और मुरब्बी हैं वह लिखते हैं बावजूद सीनीयर होने के आप तब्लीग़ी मामलों में जूनीयरज़ की भी राय लेने में कभी झिझकते नहीं थे। तबीयत में बहुत विनम्रता और विनय था। मरहूम बहुत ही पुख़्ता इरादे वाले थे। महोदय पिछले साल बीमार हो गए लेकिन ठीक होते ही लंबा सफ़र कर के ख़ुद्दामुल अहमदिया के इज्तिमा में शामिल हुए।

बासू की साहिब हैं वह लिखते हैं कि यह मुबल्लिग़ इंचार्ज भी थे। आख़िरी तीन साल जब ख़ाकसार की तैनाती मिशन हाऊस ऑफ़िस में हुई और तब्लीग़ी प्रोग्रामों के हवाले से मैदाने अमल में काम करने वाले मुबल्लग़ीन से सम्पर्क हुआ तो उस वक़्त मैंने देखा कि तब्लीग़ी प्रोग्राम तश्कील देने में मरहूम बहुत उम्दगी से काम करते थे। तब्लीग़ी प्रोग्रामों को कामयाब बनाने के लिए दाईयान और लोकल मुबल्लग़ीन के इंतिज़ाम अच्छी तरह और महारत से सरअंजाम देते और ख़ाकसार से हमेशा कहा करते थे कि बैअत की संख्या अपडेट करते रहना चाहिए ताकि क्षेत्र में काम करने वाले दाईयान की हौसला-अफ़ज़ाई होती रहे और यही तरीक़ा है कि बैअतों की संख्या को देखा जाए, दाईआन को भी बताया जाए और उनसे पूछा जाता रहे। इसी तरह फिर दाईआन भी एक्टिव रहते हैं और बाक़ी निज़ाम में भी इन नौमुबायीन को समोया जा है।

सरमद साहिब मुरब्बी हैं वह कहते हैं कि तब्लीग़ी उमूर को सरअंजाम देने का वह एक ख़ास जज़बा रखते थे। जब हम उत्तरी सुमात्रा क्षेत्र में बोंटो पाने से लेकर स्टेट के सरहदी इलाक़े सोसा तक तब्लीग़ के नए रास्ते खोलने की मुहिम तैयार कर रहे थे तो आपने बड़ी हिम्मत और उम्मीद से विभिन्न प्रोग्राम और मंसूबे तैयार किए और अल्लाह के फ़ज़ल से यह मुहिम काफ़ी देर तक जारी रही और बाद में फ़ंडज़ की कुछ कमी की वजह से इस में कोई रोक भी पैदा हुई लेकिन उनकी इस मुहिम के नतीजे निकले और वहां अक्सर नौ मुबाईन इसी इलाक़े से आए। आप हमेशा यह कहा करते थे कि कभी मायूस नहीं होना क्योंकि हमारा काम तो तब्लीग़ करना और बीज लगाना है। हो सकता है कटाई या उस का फल किसी और के हिस्सा में आए। बहरहाल बड़े दृढ़ इरादे वाले और वफ़ा के साथ अपना वक़्फ़ निभाने वाले थे।

अल्लाह तआला उनके स्तर बुलंद फ़रमाए। उन्होंने अपने अहद बैअत को भी निभाया और वक़्फ़ के अह्द को भी ख़ूबसूरती के साथ निभाया। अल्लाह तआला उनके दर्जात बुलंद फ़रमाता रहे। उनकी पत्नी और उनके बच्चों को अपनी हिफ़ाज़त में रखे और ख़ुद ही उनका कफ़ील भी हो।

दूसरे मरहूम जिनका मैंने ज़िक्र करना है वह इस्लामाबाद पाकिस्तान के डाक्टर पीर मुहम्मद नक़ीउद्दीन साहिब हैं जो 18 अप्रैल को वफ़ात पा गए थे। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इले राजेऊन। वफ़ात से कोई हफ़्ता दस दिन पहले उनको यह जो कोरोना वाइरस फैला है इस की निशानियां ज़ाहिर होना शुरू हुईं। इस पर उनको हस्पताल दाख़िल किराया गया। पहले तो उनकी तबीयत स्टेबल (stable) होने लगी थी मगर फिर 18 अप्रैल को तबीयत ख़राब हुई और आई सी यू में शिफ़्ट कर दिया गया जहां लगभग शाम को यह अल्लाह तआला के हुज़ूर हाज़िर हो गए। मरहूम के पीछे रहने वालों में उनकी पत्नी के इलावा एक बेटा और चार बेटियां शामिल हैं। सब शादीशुदा हैं और अपने-अपने घरों में आबाद हैं। पीर मुहम्मद नक़ीउद्दीन साहिब मरहूम के दधियाल और नन्हियाल सब सहाबा हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की औलाद में से थे। आपकी वंशावली हज़रत सूफ़ी अहमद जान साहिब रज़ि से मिलती है। आपके दादा हज़रत पीर मज़हरुल हक़ साहिब रज़ि और नाना हज़रत मास्टर नज़ीर हुसैन साहिब रज़ि दोनों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के प्रसिद्ध सहाबा में शामिल होने का समामान हासिल है। हज़रत पीर मज़हरुल हक़ साहिब रज़ि को कादियान में मदर्रसा अहमदिया में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि का क्लास फ़ैलो होने का सौभाग्य भी हासिल था। लुधियाना से बचपन में हिजरत कर के यह कादियान आए और लगभग छ: माह तक यह पीर मज़हरुल हक़ साहिब रज़ि इत्यादि को हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के घर में रहने का भी सौभाग्य नसीब हुआ। मुहतरम डाक्टर साहिब की माता हकीम मुहम्मद हुसैन साहिब मरहम ईसा की पोती थीं। डाक्टर पीर मुहम्मद नक़ी साहिब 1947 ई में बारत विभाजन के वक़्त लगभग एक साल की उम्र के थे अर्थात लगभग 1946 ई का उनका जन्म है। इस तरह लगभग 74 साल उनकी उम्र हुई। आप ख़ानदान के साथ कादियान से हिजरत कर के पहले लाहौर आए। फिर मीलसी ज़िला वहाड़ी में हुए। 1970 ई में नश्तर मैडीकल कॉलेज से एम.बी.बी.एस किया। 1976-1975 ई में इस्लामाबाद शिफ़्ट हुए। फिर यहां के सरकारी हस्पताल पोली क्लीनिक में नौकरी मिली। काफ़ी समय यहां सेवा करने के बाद नौकरी छोड़कर ईरान चले गए। दो तीन साल तक वहां काम किया फिर वापस पाकिस्तान आए। यहां इस्लामाबाद में अपना क्लीनिक खोला और पिछले पच्चीस तीस साल से अपना क्लीनिक चला रहे थे। अल्लाह के फ़ज़्ल से बड़ा कामयाब था। ग़रीबों की बड़ी सेवा करते थे।

डाक्टर अब्दुल बारी साहिब अमीर जमाअत इस्लामाबाद लिखते हैं कि डाक्टर पीर मुहम्मद नक़ीउद्दीन साहिब पिछले बारह साल से अधिक समय से जमाअत अहमदिया इस्लामाबाद में क़ाज़ी के मन्सब पर ख़िदमत कर रहे थे। आपके फ़ैसले हमेशा क़ुरआन व सुन्नत की रोशनी में हुआ करते थे जो दोनों पक्षों के लिए निहायत तसल्ली का कारण होता था। इंतिहाई अच्छे आचरण वाले, मिलनसार, प्यार करने वाले, दयालु, ग़रीबों का ध्यान रखने वाले और हर दिल अज़ीज़ शख़्सियत के मालिक थे। हर एक से मुस्कुराते चेहरे से मिलते। पेशे की दृष्टि से डाक्टर थे। इसलिए दिन रात ख़ुदा की मख़लूक की ख़िदमत में हमेशा आगे रहते। जमाअत के गरीबों और मजबूर मरीज़ों के लिए आपका क्लीनिक हमेशा खुला रहता और आप अक्सर बिना क़ीमत के सबको फ़ैज़याब फ़रमाते। सिर्फ जमाअत के ही नहीं बाक़ी ग़ैरों के लिए भी उनका दिल और क्लीनिक हमेशा खुला रहता था। लोगों को भलाई पहुचाने वाले वजूद थे। आपका हलक़ा अहबाब बहुत फैला हुआ था और इस में

ग़ैर अज़ जमाअत लोगों की बड़ी संख्या शामिल थी। अल्लाह तआला ने आपको तक़रीर करने की ताकत भी वर्णन फ़रमाई थी। अत: ग़ैर अज़ जमाअत दोस्तों को सच्चाई का पैग़ाम पहुंचाने का कोई अवसर नष्ट नहीं जाने देते थे। इन हालात में भी अल्लाह के फ़ज़ल से पैग़ाम पहुचाते थे।

यह कहते हैं डाक्टर साहिब ने उनको बताया कि जब 1970 ई में मैंने एम.बी .बी. एस का इम्तिहान पास किया तो मैं अपने दादा हज़रत पीर मज़हरुल हक़ साहिब के पास रब्वह गया और उन्हें यह ख़ुशख़बरी सुनाई कि मैं अपने ख़ानदान में डाक्टर बनने वाला पहला नौजवान था। मेरे दादा बड़े ख़ुश हुए और मुझे अन्य नसीहतें करने के इलावा यह भी नसीहत की कि अपने मरीज़ों को दवा देने के इलावा उनके लिए दुआ भी करना क्योंकि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे कि जो तबीब अपने बीमारों के लिए दुआ नहीं करता और सिर्फ अपने इलाज पर भरोसा करता है वह दरअसल शिर्क करने वाला होता है। डाक्टर नक़ीउद्दीन साहिब फ़रमाते थे कि मुझे डाकटरी का पेशा करते पचास साल हुए हैं ओर मैं पचास साल से अपने दादा की नसीहत पर अमल करते हुए अपने मरीज़ों के लिए न सिर्फ यह कि सस्ता इलाज करता हूँ, उनके साथ अच्छे आचरण से पेश आता हूँ बल्कि दैनिक हर-रोज़ दो नफ़ल नमाज़ पढ़ता हूँ। दो नफ़ल अदा करता हूँ और उनके लिए दुआ भी करता हूँ। यह है वह तरीक़ा जो हमारे हर डाक्टर को, हर तबीब को अपनाना चाहिए। सिर्फ अपने पेशे की महारत पर ही भरोसा न रखें, सिर्फ दवाइयों पर यक़ीन ना हो बल्कि जहां इलाज के दौरान मरीज़ के साथ अच्छे आचरण से पेश आएं वहां उनके लिए दुआ भी ज़रूर क्या करें और अगर नफ़ल पढ़ें तो यह तो बहुत ही अच्छी बात है।

उनकी पत्नी उज़्मा नक़ी साहिबा बयान करती हैं कि मेरे पति इंतिहाई मुख़लिस और फ़िदाई अहमदी थे। तब्लीग़ अहमदिया का जुनून की हद तक शौक़ था और आपने अपनी ज़िन्दगी में कई बैअतें भी करवाईं और बहुत से लोगों को अहमदियत की सदाक़त के बारे में क़ाइल भी किया। बहुत से लोग हैं जो भय के वजह से या किसी वजह से अहमदियत तो स्वीकार नहीं करते लेकिन उनको कम से कम अहमदियत की सदाक़त का क़ाइल कर लिया और उनको चुप करा दिया। इस के बाद फिर उनसे सम्बन्ध भी अच्छे हुए। फिर कहती हैं , उन्होंने भी यही लिखा है कि इस मुहब्बत के समक्ष जो उनको मरीज़ों से थी, मरीज़ों के लिए दो नफ़ल हमेशा पढ़ते थे। फिर कहती हैं कि मरीज़ों की इस मुहब्बत के सम्मुख महामारी के दिनों में भी क्लीनिक जाते कि मेरे मरीज़ परेशान न हों। बुख़ार होने पर छुट्टी की। फिर लिखती हैं यह जो विशेषताएं थीं। मरीज़ों को चैक करना और उनका ख़्याल रखना और उनके लिए दुआएं करना इन गुणों के साथ एक इंतिहाई आज्ञाकारी बेटे थे, मिसाली पति थे, दयालु और मुहब्बत करने वाले बाप थे और बहन भाइयों और दोस्तों का बहुत ख़्याल रखने वाले लोगों को लाभ पहुंचाने वाले वजूद थे। ज़िन्दा ख़ुदा से बहुत गहरा सम्बन्ध था। बहुत अधिक दुआ करने वाले थे और ज़िन्दा व क़ायम ख़ुदा उनकी दुआओं का जवाब भी देता था। कहती हैं हमारी एक बेटी के यहाँ शादी के कुछ साल बाद तक औलाद नहीं हुई। इस के लिए बहुत दुआ करते थे तो एक रात हम इस बेटी के घर रहे। सुबह वाश रुम से जब यह तहज्जुद के समय वुज़ू कर के या शायद नमाज़ के वक़्त निकले हैं तो थोड़ा सा झुके। पूछने पर बताया कि यहां बैड के साथ एक बच्चा था अर्थात कशफ़ी रंग में उन्होंने और दूसरी रिवायत में भी है कि कश्फ़ी रंग में एक बच्चा देखा और वह बैड पर था। कहते थे मुझे लगा कि वह बच्चा गिरने लगा था। इसलिए वह एक दम उस को पकड़ने के लिए झुके थे। इस घटना के कुछ अर्से बाद ही अल्लाह तआला ने फ़ज़्ल किया और उनकी इस बेटी को बेटे से नवाज़ा जबकि डाक्टर ज़्यादा उम्मीद नहीं रखते थे। अल्लाह तआला इस बच्चे को भी नेक और ख़ादिम बनाए।

अरशद एजाज़ साहिब उनके भांजे हैं, दामाद हैं कहते हैं कि मरहूम मेरे रिश्ते में सबसे बड़े मामो थे। इसलिए जब से होश सँभाला उनके बारे में बहुत कुछ सुना और देखा। बहुत दुआ करने वाले, ग़रीब के हमदर्द, बेनफ़्स, इंतिहाई नफ़ीस और मुश्किल से मुश्किल वक़्त में भी ख़ुदा और रसूल के आदेशों को सामने रखते। कोई भी मश्वरा घरेलू, जमाअत का या दुनयवी तौर पर लेना होता तो वे कहते हैं बिना झिझक सबसे पहले हमारे ज़हन में यही आता कि मामूं के पास जाया जाए, उनसे मश्वरा लिया जाये। अपने मामूं डाक्टर साहिब के बारे में कहते हैं कि उनका एक और कश्फ़ जो शायद किसी और को भी मालूम हो वह एम.टी..ए के बारे में है है। कहते हैं शायद 2010 ई की घटना है जबकि अभी मोबाइल फ़ोन प्राय और आजकल की शक्ल के टच मोबाइल पाकिस्तान में कम से कम आम न थे। कहते हैं मैं मामूं के पास बैठा था। उनकी बातें सुन रहा था तो बताने लगे कि कुछ अरसा पहले मैंने देखा कि ऐलान होता है। जैसे अज़ान हुई हो और कुछ लोग अपनी जेब से कुछ निकाल कर अपने कानों को लगा लेते हैं। मालूम करने पर पता लगता है कि ख़लीफ़ तुल मसीह के ख़ुत्बे का वक़्त है और सभी लोग लाइव ख़ुतबा सुन रहे हैं। इस बात को कहते हैं कि आज हम हर हफ़्ता पूरा होते देखते हैं।

फिर लिखते हैं कि हज़रत सूफ़ी अहमद जान साहिब रज़ि के ख़ानदान से सम्बन्ध को न सिर्फ अपने लिए इज़्ज़त का कारण गरदानते थे बल्कि बाक़ी ख़ानदान के लोगों को भी नसीहत करते थे कि अल्लाह तआला से ज़ाती सम्बन्ध होना चाहिए। सिर्फ किसी बुज़ुर्ग के ख़ानदान का होना तो कोई कमाल नहीं है इसलिए असल चीज़ यह है कि तुम्हारा अपना सम्बन्ध हो। हरवक़त दावत इलल्लाह का बहुत शौक़ था बल्कि जुनून की हद तक शौक़ था। उन्होंने भी यही लिखा है और ये बहुत सारे लोगों ने भी लिखा है सारे बयान भी नहीं हो सकते। यही लिखा है कि दावत इलल्लाह का बहुत शौक़ था और बड़े अहसन रंग में क़ुरआन करीम से दलीलें देकर दावत इलल्लाह किया करते थे

जलसा सालाना पर ग़ैर जमाअत लोगों को विशेष रूप से पर बुलाया करते थे और फिर उम्दा उम्दा खानों से उनकी दावत भी करते। जलसा उनको सुनवाते और यूं तब्लीग़ का सिलसिला भी खुल जाता। यह कहते हैं जब कोरोना महामारी आई तो मामू ने क्लीनिक जाना बंद नहीं किया। मैंने बड़ी बार फ़ोन कर के उन्हें बताया और समझाने की कोशिश की कि क्लीनिक न जाएं तो यही कहते थे कि अगर डाक्टर घर बैठ जाएं तो मरीज़ क्या करें और फिर दलीलें भी देते थे जिस पर मैं लाजवाब हो जाता था और बहुत बीमारी की हालत में भी क्लीनिक जाते थे और हमेशा यही कहा करते थे कि हम तो ख़िदमत के लिए यहां आते हैं। एक डयूटी है जो दे रहे हैं। क्लीनिक का मक़सद सिर्फ पैसा कमाना नहीं है

उनकी बेटी नौरीन आईशा नूरुद्दीन कहती हैं कि मेरे पिता जी एक निहायत शफ़ीक़ और मेहरबान और दुआ करने वाले बाप थे। हर मामला में हमेशा दुआ करने और अल्लाह तआला से अपना सम्बन्ध क़ायम करने की नसीहत करते थे। कहती हैं कि किसी भी हवाले से जब हम दुआ के लिए कहते तो यही कहते कि ख़ुद भी दुआ करो मैं भी करता हूँ। फिर अल्लाह तआला से रहनुमाई ले के हमें बताते कि मुझे ऐसी ख़्वाब आई है या इस तरह अल्लाह तआला ने बताया है। पेशे के लिहाज़ से हज़ारों की मसीहाई करते, हज़ारों का मुफ़्त इलाज और कफ़ालत करते। मरीज़ों से इतनी कम फ़ीस लेते कि अधिकतर ग़रीब ही आपके मरीज़ थे। फिर लिखती हैं कि मेरे पिता तो चलता फिरता क़ुरआन थे। किसी भी मामला के बारे में क़ुरआन से रहनुमाई चाहनी हो तो पहले ज़बानी आयत पढ़ते फिर अनुवाद बयान करते और समझाते। फिर ख़िलाफ़त से इतनी मुहब्बत थी कि जैसे ही एम.टी.ए पर एक घंटे का ख़ुत्बा आना शुरू हुआ तो फ़ौरी तौर पर घर पर डिश का प्रबन्ध किया ताकि एम.टी ए देखने के लिए लोग हमारे घर आएं और ख़िलाफ़त से इस मुहब्बत की वजह से जलसा सालाना के अवसर पर जो इख़ततामी ख़िताब होता है वह भी कई ग़ैर अहमदियों को बुला कर सुनवाते। सारी बैअत की कार्रवाई दिखाते। जलसे की कार्रवाई दिखाने के साथ साथ खाने का भी अच्छा इंतिज़ाम होता और कहते कि यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमान हैं।

फिर उनकी बेटी वरदा कहती हैं कि बचपन से ही हमें नमाज़, क़ुरआन, रोज़े रखने, वक़्त पर चंदे अदा करने और सदक़ा तथा ख़ैरात करने की आदत डाली। हम बहन भाइयों की शादी करते वक़्त सिर्फ और सिर्फ धर्म देखा। कभी दुनियावी चीज़ों की परवाह नहीं की और हम सबको बचपन से ही यह बात भी सिखाई कि हर इच्छा शीघ्र पूरी नहीं होती। इसलिए हमेशा सब्र और दुआ से काम लेना पड़ता है

अब्दुल क़ुद्दूस साहिब उनके दामाद हैं कहते हैं कि ख़ाकसार के साथ सुसर का सम्बन्ध एक बाप जैसा था और कहते हैं कि मुझे हमेशा इसलिए उनसे मिलने का शौक रहता कि कोई नई बात, किसी आयत की व्याख्या या कोई वैचारिक मतभेद एक नए पहलू से सीखने को मिलेगा। कहते हैं कि मैं शादी के शुरू दिनों में ससुराल में बे-तकल्लुफ़ नहीं था, हिचकिचाता था। उन्होंने अपनी ऐसी अपनाईयत दिखाई कि हिचकिचाहट दूर हो गई। फिर लिखते हैं कि उन्हें दुनियावी मामलों में, सियासत में या किसी फ़ैशन और ज़माने के रुझान में कोई दिलचस्पी नहीं थी। इबादत, क़ुरआन, दीनी उलूम और अख़लाक़ीयात ही केवल उनके पसंदीदा विषय होते थे। बिदअतों के ख़िलाफ़ एक ऐसी चट्टान थे जिसको कोई हिला नहीं सकता था। शादी इत्यादि के अवसर पर उन्होंने बद रस्मों को सख़्ती से रोका। अगर बच्चियां कोई गीत गा लेती थीं जिससे किसी को शिर्क का शाइबा ही होता तो फ़ौरन उसे रोकते और बड़ी

सख़्ती से रोकते।

इसी तरह उनकी बेटी कुर्रतुल ऐन हादिया कहती हैं कि उन्होंने मुझे नसीहत की कि कभी किसी के ख़िलाफ़ दिल में बात न रखना। अपने ससुराल वालों को अपना समझना। किसी को अपनी ज़बान से या व्यवहार से तकलीफ़ न देना। और फिर उन्होंने यह भी बेटी को कहा कि अपने किसी अच्छे के साथ अच्छा होना तो कोई कमाल की बात नहीं है। असल बात तो यह है कि बुरे के साथ भी अच्छा सुलूक करो और यह वह शिक्षा है जो इस्लाम की शिक्षा है और जिस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमें इस ज़माना में बताया कि यही चीज़ है, यही वह उच्च अख़लाक़ हैं जो आजकल दूसरों को तुम्हारी तरफ़ खींचने के लिए मुतवज्जा करेंगे। तुम्हारी तरफ़ ध्यान दिलाएंगे और खींचेंगे। फिर कहती हैं उन्होंने कहा कि फ़साद क़त्ल से बड़ा गुनाह है इसलिए फ़साद को रोकने के लिए सच्चे हो कर झूठे की तरह विनम्रता धारण करो। यह भी वह उच्च नसीहत है जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमें फ़रमाई और यही वह नसीहत है जो माता पिता अगर बच्चों को करते रहें तो एक सुन्दर परिवेश क़ायम हो सकता है

आपके बेटे पीर मुहयुद्दीन साहिब कहते हैं कि मैंने ख़्वाब में देखा कि हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे हमारे घर के लाऊंज में बैठे दर्स दे रहे हैं। मैं भी वहीं बैठा हुआ हूँ और मुझ से मुख़ातिब हो कर उन्होंने फ़रमाया कि यह घर नहीं दर है। इस से तुम्हें फ़ैज़ मिलता है। इस दर को कभी न छोड़ना और मुझे मुख़ातब हो कर कहा कि तुम्हारा बाप वली उल्लाह है। और फिर कहा यक़ीन रखो तुम्हारा बाप वली उल्लाह है।

ग़रीबों का बहुत दर्द रखते थे। बहुत सारे ख़ानदानों का सामिक राशन और बच्चों की शिक्षा, दवाइयां और इलाज की ज़िम्मेदारी ले रखी थी। रोज़ाना पच्चास फ़ीसद से ज़्यादा मरीज़ों को मुफ़्त देखते थे।

इसी तरह उनके दामाद अब्दुस्समद साहिब वर्णन करते हैं कि क़ुरआन करीम से बे-इंतिहा मुहब्बत थी और जब कोई हवाला देना होता तो आयत ज़रूर पढ़ते। फिर उस का अनुवाद पेश करते। ग़ैर अहमदियों से बातों में जब कोई कहता कि मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद का कोई निशान या चमत्कार दिखाओ तो कहते थे कि मैं चमत्कार हूँ। आप एक मुकम्मल अहमदी थे। जो उम्मीद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को अपनी जमाअत से थी उस के वह सही मिस्दाक़ थे। उनकी शख़्सियत में यह बात मौजूद थी कि जो उनसे मिलता था उस की तबीयत में नेकी का रुझान पैदा हो जाता था। यही एक नेक आदमी का गुण है कि इस के साथ बैठने वाले भी नेक होते हैं और फिर यही नहीं है कि कई दलीलों से कह दिया कि मैं निशान हूँ। बल्कि जब ग़ैर अहमदी कई बार मज़ाक़ समझते कि यह मज़ाक़ कर रहे हैं तो कहते कि मज़ाक़ नहीं कर रहा बल्कि हक़ीक़त है और तर्कों से दूसरों को क़ाइल करते थे कि एक अहमदी होने की हैसियत से और बहुत सारे अहमदी जो सही शिक्षा पर अमल कर रहे हैं वह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सदाक़त का एक ज़िन्दा निशान और चमत्कार हैं। अत: यह है वह स्तर जो हर अहमदी को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए कि बजाय पुराने निशानों को तलाश करने के ख़ुद एक मिसाल बनें।

इसी तरह अब्दुल रऊफ़ साहब इस्लामाबाद के नायब अमीर हैं। वह कहते हैं कि कई लोगों ने इस बात का इज़हार किया कि हम तो किसी और डाक्टर को जानते ही नहीं। अब हम क्या करेंगे। कई जमाअत के ऐसे ग़रीब दोस्त हैं जिन को कभी इलाज का मसला नहीं हुआ। बग़ैर सोचे समझे वह डाक्टर नक़ी साहिब के क्लीनिक पहुंच जाते थे, वहां से इलाज करवाते थे। बहुत से ग़ैर अहमदी दोस्तों ने भी इज़हार किया है कि वह हमारे घर के बड़े थे। हम उनसे मश्वरा किए बिना कभी कुछ करते ही नहीं थे। सिर्फ अहमदी ही नहीं ग़ैर अहमदी भी उनसे मश्वरा करते थे। कई ग़ैर अहमदी, ग़ैर अज़ जमाअत फ़ैमिलीज़ जो हैं उनके घरेलू झगड़े और मामले भी डाक्टर साहिब हल करते क्योंकि जिस जगह उनका क्लीनिक है वहां लगभग चालीस साल से अधिक समय से उनका क्लीनिक क़ायम है और पहले बाप आता था फिर उस के बच्चे आना शुरू हो गए। कहते हैं डाक्टर साहिब ने कई लोगों की घटनाएं मुझे सुनाईं। कई ग़ैर अहमदी अपने बच्चों को नसीहत कर के फ़ौत होते थे कि अपने किसी मतभेद या झगड़े के वक़्त डाक्टर नक़ी से मश्वरा करना।

फिर यह लिखते हैं कि पिछले साल 2019 ई में जून के आख़िरी जुमा को डाक्टर साहिब जुमा की नमाज़ के बाद मेरे दफ़्तर में आए और दरवाज़ा बंद कर के कहने लगे कि तुम्हें एक बात सुनानी है और यह सिर्फ़ मेरी बीवी को मालूम है। कहते हैं चार दिन पहले मैं ने ख़्वाब में देखा कि मैदान जंग है जहां लाशें बिखरी पड़ी हैं। वहां खड़ा हूँ कि मैं इन शहीद होने वालों में क्यों शुमार नहीं हुआ तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की आवाज़ आती है कि जिसको पाँच ज़ख़्म लगेंगे वह शहीद होगा। कहते हैं मैंने पीछे मुड़ कर देखा तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक ऊंची जगह पर एक फ़ौजी कमांडर की तरह खड़े हैं। डाक्टर साहिब कहते हैं कि मैंने अपने ज़ख़्म गिनने शुरू किए। तीन ज़ख़्म बहुत गहरे थे और एक टांग पर बहुत हल्की ख़राशें थीं। मैंने बहुत ज़्यादा इस्तिग़फ़ार करना शुरू कर दिया। इस के बाद आँख खुल गई और मैं सोच रहा था कि इस का क्या मतलब होगा। कहते हैं मेरे दिल में बहुत ज़ोर से चंदे का ख़्याल डाला गया उस का हिसाब करना चाहिए। कहते हैं कि मेरे से सुस्ती हुई। अगले दिन सुबह की नमाज़ के लिए जब मैं उठा तो मेरे दिल में बहुत सख़्ती से ख़्याल आया कि मैंने अभी तक हिसाब नहीं किया। कहते हैं मैंने जा कर सुबह अपना हिसाब किया तो वाक़ई कुछ रक़म हिसाब के बिना थी। कहते हैं आज उन्होंने दस लाख का चैक सैक्रेटरी साहिब माल को दे दिया और कहते हैं कि मैं इस दिन से बहुत इस्तिग़फ़ार कर रहा हूँ।

अज़ीज़ुर्रहमान साहिब, मुजीबुर्रहमान साहिब ऐडवोकेट के बेटे उनके भांजे हैं। कहते हैं कि कई बार उनसे उनके बचपन और ज़िन्दगी की घटनाएं सुनीं। इंतिहाई विपरीत परिस्थितियों में ख़ुदा के फ़ज़ल और माता पिता की दुआओं के साथ डाक्टर बने। बताया करते थे कि उन्होंने ऐसा वक़्त भी देखा है कि काम करने के लिए काग़ज़ ख़रीदने के लिए रक़म नहीं होती थी तो इस्तिमाल किए गए लिफ़ाफ़े जमा कर के उनको खोल कर उन पर नोटिस इत्यादि बनाया करते थे। इसी तरह गांव में जब स्कूल में पढ़ते थे तो हिसाब का टीचर नहीं था तो दूसरे गांव में जा के वहां के हिसाब के उस्ताद से हिसाब सीखते थे। फिर अपने गांव में आ के अपने बच्चों को , अपनी क्लास के लड़कों को पढ़ाया करते थे

नमाज़ की पाबन्दी की आदत की घटना उन्होंने बयान की कि जब छोटे थे तो एक रोज़ यह और उनकी बहन खेलते खेलते इशा की नमाज़ अदा किए बिना सो गए। किस तरह उनको पाबंदी नमाज़ की आदत पड़ी उस की यह घटना दिलचस्प है। कहते हैं जब माता ने पूछा कि नमाज़ पढ़ ली है। बच्चे थे सो गए थे। तो उन्होंने सोए सोए कह दिया कि हाँ पढ़ ली है। कहते हैं कि आधी रात को माता ने आकर उठाया और वह डाक्टर साहिब की माता रो रही थीं कि तुम ने मुझसे नमाज़ के बारे में झूठ बोला है कि तुम ने पढ़ ली है। ख़ुदा तआला ने कश्फ़ में बता दिया था कि नमाज़ नहीं पढ़ी। कहते हैं इस दिन के बाद से फिर हम ने कभी नमाज़ नहीं छोड़ी। तो यह था और यह अहमदी माताओं का स्थान होना भी चाहिए। बच्चों की तरबियत की, नमाज़ों की फ़िक्र थी और इस के लिए दुआ करती थीं और जब दिल की गहराई से दुआ की तो फिर अल्लाह तआला ने उनको नज़ारा भी दिखा दिया कि अच्छा तो फिर सही सूरत यह है कि तुम्हारे बच्चों ने नमाज़ नहीं पढ़ी उनको उठाओ और फिर रोते हुए उन्होंने अपने बच्चों को जगाया। जिसका इतना असर हुआ कि कहते हैं फिर सारी ज़िन्दगी हमने कभी नमाज़ नहीं छोड़ी। अक्सर बातों का हवाला क़ुरआन करीम ही से पेश किया करते थे। कहा करते थे कि अगर ख़ुदा से ज़िन्दा सम्बन्ध पैदा न हो तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा नहीं होता क्योंकि हुज़ूर अलैहिस्सलाम की बेअसत का मक़सद ही ख़ुदा तआला से ज़िन्दा सम्बन्ध पैदा करना था।

इसी तरह डाक्टर अताउर्रहमान साहिब उनके भांजे हैं यह कहते हैं क़ुरआन करीम पर तदब्बुर करते रहते और क़ुरआन करीम का गहरा इलम रखते थे। अक्सर लंबी लंबी आयतें ज़बानी याद थीं। पाकिस्तान के आजकल के हालात के बावजूद कट्टर मुख़ालिफ़ीन को घर पर दावत देकर जलसा सालाना की कार्रवाई और ख़ुत्बे सुनवाते थे। आपकी तब्लीग़ से अक्सर लोग प्रभावित होते और अल्लाह के फ़ज़्ल से कई बैअतें भी आपके माध्यम से हुईं। अल्लाह तआला मरहूम के दर्जात फ़रमाए।

अगला ज़िक्र जो है वह आदरणीय ग़ुलाम मुस्तफ़ा साहिब का है जो यहां लंदन में रहते थे। फिर यहां टेलफ़ोर्ड में आ गए। दफ़्तर प्राईवेट सैक्रेटरी के यहां यू.के में रज़ाकार कारकुन थे। उनकी 25 अप्रैल को 69 साल की उम्र में वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन।

1983 ई में ख़िलाफ़त राबिया के दौर में उन्होंने बैअत की थी और 1986 ई में यह लन्दन आए और मस्जिद में ठहरे तो आते ही वक़्फ़ की दरख़ास्त की। क्योंकि शिक्षा उनकी बहुत मामूली थी। इस वजह से शायद वक़्फ़ तो मंज़ूर नहीं हुआ लेकिन एक वाकिफ ज़िन्दगी की तरह यह पहले तो किचन में और फिर दफ़्तर में काम करते रहे। यहां तक कि जब अल्लाह तआला ने फ़ज़्ल फ़रमाया और उनका कारोबार भी वसीअ कर दिया। ख़ाली हाथ आए थे लेकिन फिर अल्लाह तआला ने ऐसी बरकत डाली कि कुछ प्रॉपर्टी ख़रीदने की तौफ़ीक़ मिली। फिर इस से आगे प्रॉपर्टी बनाने की तौफ़ीक़ मिली और इस तरह अल्लाह तआला ने बरकत डाली जिसको उन्होंने

ग़रीबों पर भी ख़र्च किया, जमाअत पर भी ख़र्च किया लेकिन मैं कह रहा था कि यह वक़्फ़ ज़िन्दगी की हैसियत से इस तरह रहे। पहले ख़िलाफ़त राबिया में भी उनका यही तरीक़ा होगा मेरे वक़्त में भी ये रहा कि जब भी दफ़्तर से कारोबारी सिलसिले में अगर कहीं जाते थे, दूसरे देश जाना होता था या वैसे लंबी छुट्टी करनी होती। कुछ अरसा दफ़्तर न आना होता था तो बाक़ायदा रुख़स्त लेते थे कि मुझे रुख़स्त चाहिए क्योंकि मैं अमुक जगह जा रहा हूँ और एक वाक़िफ़ ज़िन्दगी की तरह उन्होंने काम किया और कहा करते थे कि वक़्फ़ तो नहीं लेकिन में अपने आपको वाक़िफ़ ज़िन्दगी समझता हूँ। बहरहाल बड़ी वफ़ा के साथ उन्होंने अपने से जो यह एक अहद किया था और अल्लाह से जो वक़्फ़ ज़िन्दगी का अहद किया था इस को उन्होंने पूरा किया चाहे बाक़ायदा वक़्फ़ में थे या न थे।

मस्जिद में रिहायश के वक़्त उनको किसी ने शुरू में होटल में नौकरी करने के लिए भेजा। वहां उनको वेटर के तौर पर काम मिला। उनको यह नौकरी अच्छी नहीं लगी। अत: अगले दिन वह काम छोड़ के आ गए और कहते हैं कि मैंने सोचा कि जब मुझे बिना किसी काम के पैसे भी मिल रहे हैं तो इस काम से बेहतर है कि मैं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के लंगर के बर्तन धो लूं और फिर वली शाह साहिब के साथ मस्जिद फ़ज़ल के किचन में काम शुरू कर दिया। फिर हिफ़ाज़त ख़ास में भी कुछ समय डयूटियाँ देते रहे। 1993 ई में हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे ने पी ऐस ऑफ़िस में उन्हें डयूटी दी और इस वक़्त से लेकर अब तक जैसा कि मैं ने कहा बड़ी ख़ुश-उस्लूबी से यह अपनी डयूटी सरअंजाम देते रहे। मरहूम मूसी थे। उनके पीछे रहने वालों में में पत्नी के इलावा दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं

